न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज प्रकाश कंवर वगैराह बनाम कमल कंवर वगैराह नामान्तरकरण अपील प्रकरण सं. – 22/2018	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
15.07.2019	अधिवक्ता अपीलान्ट्स उपस्थित। रेस्पोडेन्ट्स बावजूद तामील उपस्थित नहीं। बहस अधिवक्ता अपीलान्ट्स सुनी गई एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात के अवलोकन से स्पष्ट है कि नामान्तरकरण सं. 186 दिनांक 13.07.2018 ग्राम चक अभयपुरा तहसील रामगढ पचवारा न्यायालय उपखण्ड अधिकारी रामगढ पचवारा के द्वारा पारित निर्णय व डिक्री दिनांक 28.06.2018 की पालना में तस्दीक किया गया था। किन्तु माननीय न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी अजमेर के आदेश दिनांक 16.01.2019 के द्वारा उक्त निर्णय व डिक्री दिनांक 28.06.2018 को अपास्त किये जाने से उक्त नामान्तरकरण के विरूद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत अपील का कोई औचित्य नहीं रहा है। ऐसी स्थिति में हम अपील अपीलान्ट्स खारिज किया जाना उचित समझते है। उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलान्ट्स खारिज की जाती है। निर्णय की प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का मूल अभिलेख वापिस भिजवाया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम है। आदेश खुले न्यायालय में सुनाया गया। अति0 जिला कलक्टर दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official